an>

Title: Need to set up Maize processing industry in Purnia, Bihar.

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया) : अध्यक्ष महोदया, मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर मिला, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। बिहार राज्य के सीमांचल क्षेत्र पूर्णिया परिमण्डल में किसान मक्के की खेती प्रचुर मात्रा में करते हैं। मक्के की खेती पर आने वाली लागत के अनुरूप किसानों को उसका वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा है। मक्का उत्पादित इस क्षेत्र में उसके रख-रखाव का कोई उचित प्रबन्धन भी नहीं है। सीमांचल क्षेत्र में कोई उद्योग-धंधा नहीं रहने के कारण आम जनता की आर्थिक और सामाजिक स्थिति अच्छी नहीं है। यहां के युवक और युवतियां पढ़-लिखकर बेरोजगारी की समस्या के कारण देश के बड़े शहरों में रोजगार पाने के लिए ठोकरे खा रहे हैं।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सीमांचल क्षेत्र के पूर्णिया में मक्के पर आधारित कोई बड़ा उद्योग लगाया जाए ताकि इस क्षेत्र के बेरोजगार युवक और युवतियों को रोजगार मिल सके और यहां के मक्का किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाया जाए।